24 korba- Bhoomi pg1_Layout 1 12/24/2023 11:54 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक रैनबसेरा नहीं, भटकते हैं मुसाफिर



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की चुनावी समीक्षा बैठक कल

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे रामपुर, पाली तानाखार एवं कटघोरा विधानसभा के लिए चुनावी समीक्षा बैठक आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कोरबा ग्रामीण के कटघोरा, रामपुर व पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्यगण, वार्ड, जोन व बुथ कमेटी के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस विभाग, प्रकोष्ठ आदि के पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने का आग्रह किया हैं। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध डायरेक्टर व कार्टूनिष्ट हरविंदर मक्कड़ अतिथि रहे। कार्यक्रम के पूर्वाथ में गत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कक्षा 6वीं से 12वीं छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें मुख्यतः वाद्य संगीत की प्रस्तुति, गणेश वंदना, छाऊ नृत्य, विभिन्न देशों के नृत्यों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिक्षक जितेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। इस दिन कक्षा नर्सरी से 5वीं के छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें मुख्यतः रैम्प वाक, जंगल थीम (जानवर बचाओ व पर्यावरण बचाओ) जैसे कर्यक्रमों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। कर्यक्रम के अंत में शाला के चेयरमैन के द्वारा मुख्य अतिथियों को मोमेंटो प्रस्तुत कर धन्यवाद दिया। शाला की चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप साहू, प्राचार्य डीएस राव, उप प्राचार्य संजय तिवारी एवं हेड मास्टर जगजीत सिंह ने शिक्षको एवं छात्रों के प्रयास की सराहना की।

### लायंस विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी और वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** लायंस क्लब आफ कोरबा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश स्कूल सीतामढी व लायंस इंग्लिश स्कूल टीपी नगर में विज्ञान प्रदर्शनी व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि श्रीमती पीके चखियार जिला बाल विकास अधिकारी कोरबा रहीं। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल पीएमसीसी व चेयरमेन लायंस स्कूल टीपी नगर, गेस्ट आफ आनर लायन श्रीकांत बुधिया चेयरमेन लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट व एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) चेयरमेन लायंस स्कूल सीतामढी, लायन मीना सिंह अध्यक्ष लायंस क्लब आफ कोरबा, लायन सत्येन्द्र वासन, रविशंकर सिंह, लायन कामायनी दुबे, राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), मधु पाण्डेय, शहनाज शेख, योगेश दुबे के आतिथ्य में हषोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि व मंचस्थ अतिथिगण के साथ दोनों विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात संक्षिप्त मंचीय उद्बोधन में मुख्य अतिथि व अन्य द्वारा विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए संस्था द्वारा हर संभव सहयोग देने की बात कही गई।साथ-साथ ही बच्चों को पढ़ाई लिखाई के अलावा सांस्कृतिक एवं अन्य प्रतिभा को और निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के अतिथिगण को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें बड़ी संख्या में पालक और बच्चों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवन की आस में गुजर रहा साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

महिला बाल विकास विभाग के जर्जर आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नए भवन बनाए जाने हेतु विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की स्वीकृति की आस में पूरा साल गुजरने जा रहा है और नौनिहालों के लिए नए भवन दिलाने की प्रशासनिक पहल नहीं हुई है। शहर के डिंगापुर वार्ड में जर्जर भवन के गिरने की घटना होने के बाद प्रशासन की नींद टूटी थी और आनन फानन में प्रस्ताव भेजा गया और अब तक जर्जर भवन के बदले नया भवन नहीं मिला है।

जिले में महिला बाल विकास विभाग के 10 परियोजनाओं के अंतर्गत 2650 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिनमें 324 केंद्र ऐसे सामने आए थे जो अति जर्जर हैं। ऐसे केंद्रों को जर्जर भवन में नहीं लगाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के परिपालन में परियोजना अधिकारियों द्वारा किराया का भवन लेकर इन केंद्रों का संचालन किराये के भवन में किया गया है। बीते वर्ष 2022 में नगर पालिक निगम के वार्ड में ऐसे ही एक जर्जर भवन के धराशायी होने के बाद प्रशासन की नींद टूटी थी। आनन फानन में प्रशासनिक अधिकारियों का दल घटनास्थल पहुंचकर मौके का मुआयना किया था। उक्त घटना के बाद विभाग के अधिकारियों ने ही सभी परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्ट मांगी। जिसमें जर्जर केंद्रों व अति जर्जर केंद्रों के संबंध में परियोजना अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। उक्त रिपोर्ट के तहत 334 केंद्र ऐसे सामने आए थे जहां केंद्रों का संचालन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता था। ऐसे केंद्रों का संचालन अन्य भवन में कराए जाने के निर्देश दिए गए थे और विभागीय अधिकारियों ने इन जर्जर केंद्रों की जगह नए केंद्र बनाए जाने का एक प्रस्ताव शासन को भेजा था ताकि स्वीकृति मिलने के बाद नया भवन का निर्माण कराया जा सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शासन से फंड की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण नया भवन का काम रुका हुआ है।

## विभाग के प्रस्ताव पर अब तक नहीं मिली स्वीकृति

**खास बातें**

- शहर के ही डिंगापुर क्षेत्र में जर्जर भवन के गिरने की हुई थी घटना
- विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की स्वीकृति की आस में गुजरा पूरा साल



### शेड के नीचे लगता है केंद्र

कोरबा ग्रामीण परियोजना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अजगरबहार में दो आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन होता है इनमें एक आंगनबाड़ी केंद्र का भवन जर्जर होने के कारण केंद्र के बच्चों को प्राइमरी स्कूल के बगल में बने अस्थायी खुले शेड में केंद्र का संचालन किया जा रहा है। बरसात के दिनों में केंद्र का संचालन बंद करने की स्थिति निर्मित हो जाती है। केंद्र के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य भी अस्थायी तिरपाल शेड के नीचे किया जा रहा है। पुराने भवन के स्थान पर नया भवन बनाने का काम ग्राम पंचायत के मद से शुरु किया गया है किंतु वह भी अभी तक पूर्ण रुप से तैयार नहीं हो सका है।

## दीगर जिलों से भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं पर्यटक

# नए साल के पहले ही बुका व सतरेंगा हाउसफुल, बड़ी संख्या में पहुंच रहे पर्यटक



बुका पर्यटन केन्द्र में बना कॉटेज।





बुका के जलभराव क्षेत्र के बीच में स्थित टापू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ठंड के मौसम में पहले ही लोग सर्द मौसम का मजा लेने के लिए पर्यटन केंद्र पहुंचते हैं और ऐसे में पुराने साल को विदा करना हो और नए साल की आगमन की तैयारी हो फिर ऐसे में पर्यटन केंद्र और भी गुलजार हो जाते हैं। यही वजह है कि जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र बुका, सतरेंगा जैसे पर्यटन केंद्रों में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है तो वहीं दूसरी ओर पर्यटन केंद्र में तैयार किए गए रिसॉर्ट हाउसफुल चल रहे हैं। आने वाले जनवरी के एक सप्ताह तक किसी भी पर्यटन केंद्र में नो रूम की स्थिति है। ऐसे में पर्यटक यदि ऐसे स्थान में पहुंच रहे हैं तो अपने सुविधा के अनुरूप पहुंचे अन्यथा उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

ज्ञात रहे कि वर्ष 2023 समाप्त होने में महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में लोग 31 फर्स्ट नाइट को सेलिब्रेट करने व नया साल की आगमन की जोर-जोर से तैयारी कर रहे हैं। लोग इसके लिए नए-नए प्लान तैयार कर रहे हैं कि कौन कौन से स्थान में इस साल 31 दिसंबर को अलविदा कहना है और 1 जनवरी को सेलिब्रेट करना है इसके लिए जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र बुका व सतरेंगा जैसे पर्यटन केंद्र में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं मौजूदा स्थिति में कटघोरा वनमंडल में अंतर्गत आने वाले बुका पर्यटन केंद्र अब से 7 जनवरी तक सारे रिसॉर्ट पहले ही बुक हो चुके हैं तो सतरेंगा का भी कुछ हाल यही चल रहा है।

कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि बुका पर्यटन केंद्र के सारे रिसॉर्ट कमरे पहले ही ऑनलाइन बुक हो चुके हैं। जो 7 जनवरी तक हाउसफुल चल रहे हैं इसके लिए पहले ही पर्यटकों ने ऑनलाइन बुकिंग कर ली है। सबसे ज्यादा 31 दिसंबर व 1 जनवरी को पर्यटकों को भेद रहेगी। ऐसे में पर्यटकों को इसी तरह की सुविधाओं का सामना न करने पड़े। इसके लिए वन विभाग ने खासी तैयारी की है और सारे पर्यटन केंद्र के रिसॉर्ट व कमरे को आकर्षक सजा रूप दिया गया है। साथ ही आसपास क्षेत्र में बेहतर पर्यटकों के लिए सुविधा दी गई है। बुका व सतरेंगा पर्यटन केंद्र में लोग बोटिंग का भरपूर मजा ले सके इसके लिए वन विभाग पहले से ही पूरी तैयारी कर चुका है।

**खास बात**

- 7 जनवरी तक बुका का एक भी रिसार्ट व कमरा नहीं है खाली

### पुलिस की भी होनी चाहिए चाक चौबंद व्यवस्था

31 दिसंबर व 1 जनवरी को लोग पर्यटन केंद्र में पहुंचते हैं। जहां सबसे ज्यादा बुका और सतरेंगा पर्यटन केंद्र में हजारों की तादाद में पर्यटक रहते हैं। इस दौरान देश राज्य के विभिन्न जिलों से पर्यटक पहुंचते हैं और लोगों की भारी भीड़ रहती है। इसलिए जिला और पुलिस प्रशासन को 31 दिसंबर को 1 जनवरी को इन पर्यटन केद्रो में पुलिस जवानों की तैनाती करनी चाहिए ताकि किसी तरह की कोई अनहोनी की घटना ना हो और लोगों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया हो सके।

### बुका में खाने के लिए विशेष तैयारी

बुका पर्यटन केंद्र में पर्यटकों के लिए वन विभाग द्वारा विशेष तैयारी की गई है। बताया जाता है कि खाने के साथ-साथ चाइनीस फूड भी पर्यटन केंद्र में परोसा जाएगा। बच्चों की डिमांड के अनुसार पर्यटन केंद्र में मोमोज, चाऊमीन जैसे डिस भी बच्चों के लिए अवेलेबल कराए गए हैं। साथ ही वन विभाग के पर्यटन केंद्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को ऑर्डर देना होगा जिसके आधार पर ही भोजन की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाती है।

# बाड़े में चल रहा था अवैध शराब का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ आबकारी की टीम एक्शन में आ गई है और ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। भलपहरी के मुक्ता गांव में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने के मामले में आबकारी विभाग की टीम ने महिला समेत तीन लोगों के कब्जे से 134 लीटर महुआ शराब व लगभग 700 किलो महुआ लाहन जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को भेज दिया गया।

आबकारी विभाग द्वारा सहायक आयुक्त सौरभ बक्शी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बेचने व बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिससे अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी कड़ी में उप निरीक्षक सुकांत पांडेय के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, कुंदन चन्द्रा, पवन राजवाड़े व कृष्णा राजवाड़े की टीम ने हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम भलपहरी के मुक्ता गांव में छापा मारा। जहां जवाहर व लक्ष्मीन से 88 लीटर महुआ शराब व 560 किलो महुआ लहान और कुमार सिंह से 46 लीटर महुआ शराब 160 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**खास बात**

- 134 लीटर महुआ सहित 7 सौ किलो लाहन जप्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# ठंड का असर, धुंध से पट गया शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के अन्य जिलों सहित कोरबा जिले में भी ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कश्मीर में हो रही भारी बर्फबारी के कारण देश के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसका प्रभाव कोरबा जिले में भी देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि कोरबा जिले में पहली बार शहर इस तरह से कोहरे से ढका हुआ नजर आया। उन्हें शिमला या फिर मैनपाट जैसा एहसास हो रहा है। कोरबा सहित पूरा छत्तीसगढ़ इस वक्त शीतलहर की चपेट में है। ठंड बढ़ने के कारण लोग भी ठिठुरने लगे हैं। अभी पूरे दिसंबर महीने तक इसी तरह से ठंड पड़ती रहेगी। लोगों को ठंड से सावधान व बचने की सलाह दी जा रही है।



# कोरोना ने लिया यू-टर्न, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरोना का नया वैरियंट स्ट्रेन जेएन-1 मिलने के बाद स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर है। कोरोना ने एक बार फिर पैर पसारना शुरु कर दिया है। प्रदेश में अभी कोरोना के 8 एक्टिव केस हैं। शनिवार को 3 मरीज मिले हैं। जिले में अब तक कोरोना के एक भी मरीज सामने नहीं आए हैं। बाबजूद इसके स्वास्थ्य विभाग जांच व बचाव की तैयारी में जुटा हुआ है। इसे लेकर सीएमएचओ ने अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। नए वेरिएंट की जांच के लिए सर्दी-खांसी के मरीजों की आरटीपीसीआर टेस्ट से जांच होगी, जिसमें संदिग्ध रिपोर्ट वाले सैंपल को आगे जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा।

मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में आरटीपीसीआर टेस्ट के लैब संचालित है। इसलिए टेस्ट के पहले की तरह दूसरे शहरों में सैंपल भेजना नहीं पड़ेगा। इसी तरह कोरोना के दौरान पीएम केयर फंड से बनाया गया ऑक्सीजन प्लांट के अलावा सीजीएमएससी से बने ऑक्सीजन प्लांट भी रन कर रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वार्डों में उक्त दोनों प्लांट से बारी बारी ऑक्सीजन की सप्लाई होती है। वेंटिलेटर, ऑक्सीमीटर समेत अन्य उपकरण अस्पताल के स्टोर में रखे गए हैं जिन्हें अब बाहर निकालकर तैयार किया जा रहा है। इसी तरह विकासखंड स्तर पर कटघोरा, पाली, करतला, पोड़ी उपरोड़ा में भी कोरोना से बचाव व जांच को लेकर संसाधन तैयार किए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी के मुताबिक कोविड के नए वेरिएंट को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए है। कोविड के समय जो संसाधन थे, उन्हें तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में वायरल की समस्या है, ऐसे में सर्दी, खांसी वाले लोगों की आरटीपीसीआर ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- जिले में कोविड की जांच और बचाव की तैयारियां पूरी

## 7 सदस्यीय टीम ने किया गेवरा एवं कुसमुंडा खदान का दौरा, मुख्यालय में ली समीक्षा बैठक

# कोल इंडिया के स्वतंत्र निदेशकों का दो-दिवसीय एसईसीएल दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड से स्वतंत्र निदेशकगण दिनेश सिंह, जी. नागेश्वर राव, बी राजेश चंदर, पूनंभाई कलाभाई मकवाना, कामेश कांत आचार्य, अरुण कुमार उरांव, एवं घनश्याम सिंह राठौर दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर पहुंचे जहां सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा एवं एसईसीएल निदेशक मण्डल ने उनका स्वागत किया। इससे पहले दौरे के पहले दिन निदेशकगणों द्वारा एसईसीएल की गेवरा एवं कुसमुंडा खदानों में खनन गतिविधियों का जायजा लिया गया।

सबसे पहले निदेशकगण गेवरा पहुंचे एवं कोयला खनन गतिविधियों का नज़दीकी से जायजा लिया। खदान में निदेशकगणों द्वारा कोल फेस तक पहुंचकर वर्टीकल रीपर का संचालन एवं किस तरह बिना किसी ब्लास्टिंग के कोयला खनन किया जाता है यह देखा। ओबीआर गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए उन्होनें 42 क्यूबिक मीटर शोवेल एवं 240 टन डंपर का किस प्रकार संचालन किया जाता है इसके बारे में जाना। गेवरा खदान के निरीक्षण से पहले सभी स्वतंत्र निदेशकगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। गेवरा भ्रमण के पश्चात सभी निदेशकगणों ने कुसमुंडा खदान का दौरा किया तथा व्यू पॉइंट पहुंचकर माइन प्लान के ज़रिए खदान की संचालन गतिविधियों के बारे में जाना। कुसमुंडा टीम द्वारा एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी निदेशकगणों को खदान की उत्पादन-उत्पादकता के बारे में अवगत कराया। दौरे पर एसईसीएल से निदेशक (तकनीकी सह योजना/ परियोजना) एस एन कापरी, निदेशक (वित्त) जी श्रीनिवासन एवं निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या स्वतन्त्र निदेशकों के साथ रहे तथा बैठक में एसईसीएल टीम द्वारा एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी की उत्पादन-उत्पादकता, पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धियां, इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन, डिस्पैच, ओबीआर एवं पहली छमाही के नतीजे, भू-अधिग्रहण, पर्यावरण, सीएसआर, रेल कॉरिडोर, एफ़एमसी आदि विषयों के बारे में बताया गया।



गेवरा दीपका खदान के निरीक्षण के लिए पहुंचे निदेशक मंडल की टीम।

### अस्थि, त्वचा एवं नेत्र रोग जांच शिविर कल

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में 26 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है। पहल संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सुश्रुत पुलगांवकर, फिजियोथैरेपी ज्वाइंट विशेषज्ञ डॉ पवन गंगवार, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ भाव्या स्वर्णकार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ भाव्या एक्का, डॉ महेंद्र कुमार सोनी, डॉ जे आर आरमोर एवं नेत्र सहायक अधिकारी प्रितेश सिंह चंदेल द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ-साथ सिकलिन टेस्ट, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निःशुल्क जांच करने के साथ जरूरतमंद मरीजों को दवाइयो का वितरण भी किया जाएगा।


हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. लखनलाल देवांगन जी
के केबिनेट मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)
बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
BJP
प्रफुल्ल तिवारी
जिला उपाध्यक्ष-पूर्व जिला अध्यक्ष
भ.ज.यु.मो.कोरबा
नरेन्द्र पाटनवार
जिला कार्य समिति सदस्य
पूर्व मंडल अध्यक्ष
संजू शर्मा
युवा नेता
नरेन्द्र देवांगन
जिला महामंत्री,भ.ज.यु.मो.
पार्षद,नगर पालिक निगम कोरबा

24 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 12/24/2023 11:43 PM Page 1








## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर अटल संध्या का होगा आयोजन

**कोरबा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम कोरबा के द्वारा गीतांजलि भवन स्थित सभागार, पुराना बस स्टैंड कोरबा में अटल संध्या का आयोजन शाम 6 बजे से किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जायेगी तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी होंगे। अटल संध्या आयोजन में कवि सम्मेलन के साथ अन्य कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम कोरबा द्वारा जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं एवं नागरिक बंधुओं से अपील की गई है कि उक्त गरिमामय आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

### कैबिनेट मंत्री जायसवाल का कोरबी में हुआ स्वागत



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चोटिया के कोरबी चौंक में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का मंत्री बननें के बाद मंडल में प्रथम आगमन पर मंडल अध्यक्ष रवि मरकाम एवं राकेश जायसवाल के नेतृत्व में बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं नें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रहलाद बिंझवार, लालजी, रामबिलास, दुबे प्रसाद, मोहित राम, आयाम, सत्येंद्र जायसवाल, हरिनाम सिंह, अमर, राजकुमार, अश्वनी मरकाम, मोहन सिंह एवं भारी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल रहे।

### सशिमं में गणित मेला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित मेला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय प्रगति नगर एनटीपीसी में किया गया। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ निवास रामानुजन के जयंती के उपलक्ष्य में गणित प्रतियोगिता व गणित मेला का आयोजन किया गया। जिसमें गणित सम्बन्धी अनेक विधाएं गणितीय प्रदर्श, गणितीय चार्ट, रंगोली, निबंध, चित्रकला, गणितीय प्रश्न मंच, पहाड़ा प्रतियोगिता, अनुमान, याददाश्त प्रतियोगिता, गणितीय व्यंजन प्रतियोगिता, आदि अनेक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अधिक संख्या में भाग लिये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र कुमार राठौर अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, प्रगतिनगर वार्ड पार्षद पति बाली राम साहू के द्वारा रामानुजन, सरस्वती माता, ॐ, भारतमाता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल व प्रधानाचार्य परस राम देवांगन ने गणित मेले के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार राठौर ने इस अवसर पर कहा कि श्रीनिवास रामानुजन का गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। गणित हमें निश्चितता, दृढ़ता, आत्मविश्वास, अनुशासन की प्रेरणा देता है, गणित जीवन की हर उपयोगी जरुरत के लिए अनिवार्य बना है। गणित से हमें नहीं डरना चाहिए। अगर हम ध्यान से गणित को समझने का प्रयास करेंगे तो गणित भी हमें सरल लगेगा।

पृष्ठ 9 का शेष

### कोरोना ने लिया...

जांच अनिवार्य रूप से जांच की जाएगी। जांच में पॉजिटिव मिले सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग जांच के लिए सेंपल रायपुर भेजा जाएगा। वर्तमान में जिन्हें सर्दी, खांसी की समस्या है उन्हें स्वयं ही आईसोलेट हो जाना चाहिए। जितना अधिक आराम मिलेगा व्यक्ति उतना जल्दी स्वस्थ्य होता है। साथ ही लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग होना चाहिए।

## जिला अस्पताल में ही है सुविधा, महंगे होटल में रुकना होता है कठिन

# रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक रैनबसेरा नहीं, भटकते हैं मुसाफिर



रेलवे प्लेटफार्म टिकट काउंटर के पास सोते यात्री।




नया बस स्टैंड का बंद रैन बसेरा, बाहर सो रहे यात्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के धनी कहे जाने वाले जिले में बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन से लेकर नए बस स्टेंड तक रैनबसेरा की सुविधा नहीं है। लोगों के सामने प्लेटफार्म और बस स्टेंड के प्रतिक्षालय में रात गुजरना पड़ता है। शहर के महंगे होटलों में रात गुजरना महंगा शाबित होता है।

बड़े-बड़े औद्योगिक संयंत्रों कोयला खदानों से करोड़ों की राजस्व आय देने वाले जिले में रात में ठहरने के लिए मुसाफिरों को भटकना पड़ता है। रात में आने वाली गाड़ियों के यात्रियों को रेलवे स्टेशन के पास कोई रैनबसेरा नहीं है। पूर्व में पुराने बस स्टेंड में एक रैन बसेरा चला करता था आज वह पूरी तरह बंद हो चुका है और यात्री बसों से आने वाले लोगों के लिए नए बस स्टेंड में भी रैन बसेरा शुरू किया गया था वह भी पूरी तरह बंद हो गया है। स्थिति यह है कि रात की ट्रेन से आने वाले यात्रियों के सामने प्लेट फार्म में रात गुजरना पड़ता है तो वहीं बस स्टेंड में आने वाले यात्रियों को बस स्टेंड के यात्री प्रतीक्षालय में रात काटने की मजबूरी रहती है, कड़ाके की ठंड में यात्रियों को होने वाली कठनाइयों से किसी को कोई लेना देना नहीं है। यही कारण है बंद हो चुके रैन बसेरा को शुरू करने के विषय में किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोगों की तकलीफ से निगम प्रशासन को भी कोई लेना देना नहीं जबकि प्रतिदिन रात के समय लोगों रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टेशन तक लोगों रात गुजारते देखा जा सकता है किंतु जिले के जिम्मेदार अधिकारियों और शहर के जनप्रतिनिधियों को लोगो की कठिनाइयों से कोई लेना देना नहीं है। अब तक रैन बसेरा को प्रारंभ किए जाने की कोई योजना नहीं बनाई गई। लोग भटकते रहते हैं औद्योगिक शहर होने के कारण शहर में महंगे होटल हैं जहां रुकना लोगों को आर्थिक रूप से भारी पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए रैन बसेरा एक बहुत बड़ा सहारा रहता है जिले में रैन बसेरा केवल जिला अस्पताल में है। जहां मरीजों के परिजन ठहरते हैं लेकिन रेलवे स्टेशन से जिला अस्पताल तक रात में पहुंचना एक कठिन सफर होता है रेलवे स्टेशन से जिला अस्पताल तक आने के लिए आटो वाले भी मनमाना किराया वसूलते हैं। हर तरफ से यात्रियों के हिस्से में केवल तकलीफ ही आती है पर उनकी तकलीफ की निगम प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। यही कारण लंबे समय से बंद रैन बसेरा की सुविधा के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।

#### सर्वाधिक कमाई वाले रेलवे स्टेशन में सुविधा नहीं

कोयले के परिवहन में करोड़ों की कमाई कर राजस्व अर्जित करने वाले रेलवे स्टेशन में भी कोई अच्छी सुविधा नहीं लोग टिकट काउंटर के सामने रात गुजारते हैं। वेटिंग हाल है किंतु यात्रियों के रात गुजारने जैसी सुविधा नहीं है रेल प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अभी भी पुराने तरह की वेटिंग हाल में सुविधा बनी हुई है। सुविधा बढ़ाने की दिशा की ओर रेलवे ने कोई काम नहीं किया वर्तमान में कोरबा रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार ने अपनी अमृत मिशन योजना में शामिल किया है। इसके तहत रेलवे स्टेशन में यात्री शेड का निर्माण पार्किंग स्थल और गार्डन बनाए जा रहे है लेकिन यात्रियों को रात गुजारने के लिए सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हाल बनाए जाने की जानकारी सामने नही आई है।

#### रेलवे स्टेशन आटो ही सहारा

शहर के रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए आटो ही एक सहारा रहते है लेकिन रात के समय उनका किराया इतना अधिक रहता है कि यात्रियों को मजबूरी में उनकी सुविधा लेनी पड़ती है। सबसे ज्यादा मुश्किल उपनगरीय क्षेत्र के यात्रियों को होती है रेलवे स्टेशन से लेकर उपनगरीय क्षेत्र की ओर जाने के लिए कोई बस नहीं है, सिटी बस भी नही रहती। यात्रियों के परिजनो को रेलवे स्टेशन आना पड़ता है। रात के समय रेलवे स्टेशन में यात्रियों को लेने आने वालो की भीड़ रहती है।

#### धर्मशाला भी नहीं शहर में

शहर में बड़ी बड़ी सामाजिक संस्थाएं है उनके द्वारा समाजिक कार्य किए जाते है किंतु उनके द्वारा भी धर्मशाला का संचालन करने संबंधी कोई सकारात्मक पहल अपनी ओर से नहीं की गई। इन संस्थाओं के पास फंड की कमी नहीं है लेकिन धर्मशाला की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। इतना ही नहीं इनके द्वारा निगम के रैन बसेरा के संचालन के लिए पहल नहीं की गई, रात के यात्रियों को न तो समाजिक संस्थाओं से मदद मिल पाती है और न प्रशासन से।

## अधिकारिक यात्रा पर पहुंचे लायंस क्लब के रीजन व जोन चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब आफ कोरबा में रीजन व जोन चेयरमेन की अधिकारिक यात्रा लायंस स्कूल टीपी नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पवन शर्मा रीजन चेयरमेन रीजन डेसी, एसके अग्रवाल जोन चेयरमेन, एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल पीएमसीसी व अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष मीना सिंह ने किया। मेल्विन जोन्स की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर रीजन व जोन चेयरमेन की आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ध्वज वंदना शहनाज शेख द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत व अध्यक्षीय उद्बोधन अध्यक्ष मीना सिंह द्वारा दिया गया। सचिव प्रतिवेदन रविशंकर सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। रीजन व जोन चेयरपर्सन द्वारा सभी परमानेंट प्रोजेट्स का अवलोकन किया गया। लायन कामायनी दुबे द्वारा रीजन चेयरमेन की जीवनी का सारगर्भित प्रस्तुति दिया गया। रीजन चेयरमेन पवन शर्मा ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा की व क्लब के सेवा गतिविधि कार्यों की सराहना की। साथ ही क्लब को इसी प्रकार लगातार सेवाकार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरमेन द्वारा लायंस क्लब के सभी प्यून स्टाफ को कंबल वितरित किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## बालको को मिला जीएसटी डिमांड नोटिस, 84 करोड़ भरने का आदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता को जीएसटी का नोटिस मिला है। ग्रुप को उसकी सहायक कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) को माल एवं सेवा कर जीएसटी के रूप में 84.7 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मांग नोटिस छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के संयुक्त आयुक्त के कार्यालय से जारी किया गया है, जो वित्त वर्ष 2017-18 से संबंधित है। कुल जीएसटी की मांग 84 करोड़ 70 लाख 9 हजार 977 रुपये की गई है, जबकि इस राशि का अतिरिक्त 10 प्रतिशत लागू ब्याज के साथ जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने कहा है कि बाल्को इस मामले में की जाने वाली अगली कार्रवाई का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।

## सुकन्या समृद्धि, किशोरी शक्ति तथा बालिका समृद्धि योजनाओं की दी जानकारी



शिविर में उपस्थित महिला बाल विकास विभाग के विभागीय अधिकारी व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा की रासेयो इकाई के द्वारा दिवा शिविर आयोजित कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ ही सुकन्या समृद्धि ,बालिका समृद्धि तथा किशोरी शक्ति योजना की जानकारी गोदग्राम भादा में घर-घर जाकर प्रदान की। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका मन कार्यक्रम के अंतर्गत रासेयो के राज्य यूनिसेफ प्रभारी डॉ नीता बाजपेयी, अटल विश्विद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन व राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने बालिकाओं व किशोरियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर चलाई जाने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर प्रदान करते हुए सर्वेक्षण किया। स्वयंसेवकों ने सर्वेक्षण करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के इच्छुक परिवारों की पहचान की तथा उन्हें शून्य से 10 वर्ष की बालिकाओं के लिए योजना के लाभों की जानकारी प्रदान कर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से खाता खुलवाने हेतु बेटियों के अभिभावकों को समझाइश देते हुए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया। गरीबी रेखा के नीचे जन्मी बीपीएल परिवारों की बेटियों को बालिका समृद्धि योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र में जाकर पंजीयन करवाते हुए भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की योजना को समझाते को हुए पंजीयन कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का पहचान पत्र, फोटो, आय प्रमाण पत्र आदि को साथ ले जाकर योजना के लाभों के बारे में समझाया । स्वयंसेवकों ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा चलाई जाने वाली किशोरी शक्ति योजना की जानकारी प्रदान करते हुए किशोरियों की शिक्षा, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली पौषणिक स्थिति, सामाजिक एवं बालक - बालिका के बीच भेदभाव को समाप्त करते हुए उनके विकास हेतु अनुकूल वातावरण बनाए जाने पर जोर दिया।

## खेलकूद से हमें मिलता है शारीरिक व मानसिक लाभ : रजनीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दादरखुर्द में शीतकालीन छुट्टियों के अवसर पर पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता रजनीश देवांगन के मुख्य अतिथि में हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ किया गया। शीतकालीन छुट्टियों के मौके पर अंचल के क्षेत्र में क्रिकेट प्रतियोगिता सहित अन्य खेलकूद आयोजित किए जा रहे हैं। दादरखुर्द में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रजनीश देवांगन ने खिलाड़ियों से रूबरू हुए तथा सभी को खेल भावना आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से हमें शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और इससे यह खेल में संभव है खेलकूद में हर किसी को अपना जौहर दिखाना चाहिए। व्यायाम के साथ भरपूर मनोरंजन मिलता है। इस मौके पर आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकुमार राठौर, यासीन खान गोप लाल राठिया देवेंद्र चौहान सदानंद पटेल रामदास पटेल के साथ लालीराम पटेल महेंद्र पटेल लक्ष्मण जटवार छोटेलाल साहू हेमंत चंद्र दौऊ साहू लक्ष्मी गुप्ता उमाशंकर प्रफुल्ल पटेलविक्की पटेल उम्मीद केवट अशोक पटेल विशेश्वर पटेल पिंटू यादव सहित समस्त ग्रामवासीक्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

#### खास बात

- दादरखुर्द में पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

## गेवरा बस्ती में विकसित भारत संकल्प शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुसमुंडा के गेवरा बस्ती धरमपुर वार्ड क्रमांक 60 में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के जानकारी लोगों को प्रदान की गई। जिसमें पीएम सेवा निधि योजना, पीएम सुरक्षा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम जनधन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण सुकन्या समृद्धि योजना का शिविर लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

पैसे बीमारी ठीक होने पर देना है
बढ़ती उम्र से तथा बी. पी. शुगर के कारण आई कमजोरी, टाइम ना बनना, शीघ्र पतन, धातु रोग, स्वप्न दोष,शुक्राणुओं की कमी, संतान ना होना, वैवाहिक जीवन में निराशा, लिंग में ढीलापन, पतलापन, टेढ़ापन, बचपन की गलतियां, हस्त मैथुन, डायबिटिज, गठिया वात, एलर्जी, अस्थमा, लीवर कमजोर आदि रोगों को विशेष आयुर्वेद पद्धति से ठीक किया जाता है।
मनचाहा सेक्स संबंध पूरी सफलता से प्राप्त करने हेतु एक बार अवश्य मिले
धनवन्तरी आयुर्वेदिक
नया बस स्टैण्ड के पास ब्लू डायमंड होटल के सामने, कोरबा (छ.ग.)
9922533222 समय 9 से 7 बजे







